# आकाशवाणी शिमला
## 02.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने में निर्वाचन आयोग की भूमिका को सराहा।
- राज्य में लोकसभा चुनाव में करीब 71 फीसदी मतदान दर्ज– 4 जून को होगा उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला।
- कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का दावा–लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के पक्ष में आएंगे परिणाम।
- प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केन्द्रों में पहुंचाई गई ई.वी.एम. मशीनें।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने में निर्वाचन आयोग की भूमिका की सराहना की है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आयोग के समर्पण और सुव्यवस्थित प्रयासों के कारण भारतीय लोकतंत्र में लोगों की आस्था और प्रगाढ़ हुई है और देशवासियों ने आत्मविश्वास से भरकर मतदान किया है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास बढ़ाती है। प्रधानमंत्री ने चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों की भूमिका की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के कारण मतदान सुरक्षित माहौल में संपन्न हुआ और लोग सहजता से चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो पाये।

**मतदान**

प्रदेश में कल हुए लोकसभा चुनावों में करीब 71 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। निर्वाचन विभाग ने मतदान को लेकर अंतिम आंकड़े जारी किए हैं। इसके अनुसार मण्डी संसदीय क्षेत्र में करीब 73, हमीरपुर में 72, शिमला में 71 जबकि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 78 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। इसके अलावा 6 विधानसभा क्षेत्रों में हुए उपचुनाव की जानकारी देते हुए निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में करीब 76 फीसदी, लाहौल–स्पीति में 75, सुजानपुर में 74, गगरेट में 73, धर्मशाला में 70 जबकि बडसर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। प्रवक्ता के अनुसार 12–डी फॉर्म के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने वालों की संख्या 41 हज़ार 9 सौ 24 रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा ये सुविधा 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं सहित दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रदान की गई थी।

**प्रत्याशी**

प्रदेश में कल संपन्न हुए लोकसभा चुनावों व छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में कुल 62 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है। इनमें से 37 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार 6 विधानसभा सीटों में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा के बीच है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा के बीच है। शिमला संसदीय सीट पर पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां भाजपा

के सुरेश कश्यप और कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी के बीच कांटे की टक्कर है। मंडी संसदीय सीट पर भाजपा की कंगना रनौत और कांग्रेस नेता व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच कड़ा मुकाबला है। देशभर में 7 चरणों में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए डाले गए वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी।

**प्रतिभा सिंह**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने दावा किया है कि राज्य की चार लोकसभा सीटों सहित 6 विधानसभा उपचुनावों के परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आएंगे। एक बयान में उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम एग्ज़िट पोल के विपरीत होंगे और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। प्रतिभा सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव परिणाम प्रभावित करने के लिए जो हथकंडे अपनाए हैं, वे दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को धनबल से कमज़ोर करने की कोशिश की गई है लेकिन जन बल ने इसे पूरी तरह नकार दिया है।

**भाजपा**

इधर, भाजपा ने एग्ज़िट पोल के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा है कि जनता ने भाजपा के सभी कार्यों पर मोहर लगाई है। पार्टी महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने एक बयान में कहा कि इंडी गठबंधन देश की जनता के साथ तालमेल बिठाने में पूरी तरह विफल रहा है और जनता ने भाजपा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा है। इसके अलावा भाजपा के काम ने गरीबों और दलितों के जीवन में जो गुणात्मक बदलाव किया, उसे जनता ने सराहा है।

**ई.वी.एम.**

लाहौल–स्पीति ज़िले में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के बाद काज़ा से वायु सेना के हैलीकॉप्टर के माध्यम से ई.वी.एम. व वी.वी.पैट मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच केलंग पहुंचाया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि इन मशीनों को केलंग स्थित स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया है। उन्होंने कहा कि मतगणना कड़ी सुरक्षा के बीच की जाएगी। उधर, चम्बा ज़िले के पांगी उपमण्डल से भी मतदान के बाद ई.वी.एम. को हैलीकॉप्टर के माध्यम से ज़िला मुख्यालय पहुंचा दिया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त मुकेश रेपसवाल के अनुसार ई.वी.एम. मशीनों को स्ट्रांग रूम में पहुंचाने की प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सुरक्षा मापदण्डों का पूरी तरह पालन किया गया है। उन्होंने बताया कि कल 3 जून को मतगणना स्थल पर मतगणना का अंतिम पूर्वाभ्यास किया जाएगा।

**धर्मशाला कॉलेज**

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाले शाहपुर, नगरोटा, कांगड़ा और धर्मशाला निर्वाचन क्षेत्रों की मतगणना राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में की जाएगी। इसके अलावा धर्मशाला विधानसभा उपचुनाव की मतगणना भी इसी कॉलेज परिसर में होगी। मतगणना को देखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार धर्मशाला महाविद्यालय में 3 और 4 जून को अवकाश घोषित किया गया है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त हेमराज बैरवा ने इस इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला कॉलेज के अलावा कांगड़ा जिला में मतगणना के लिए नुरपुर, पालमपुर और ज्वालामुखी में मतगणना केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन मतगणना केंद्रों में मतगणना की आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके साथ ही मतगणना के लिए माईक्रो आब्जर्वर भी तैनात किए जाएंगे।

**मतगणना तैयारी**

ऊना ज़िले में भी लोकसभा चुनाव और 2 विधानसभा उपचुनावों की मतगणना के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने आज राजकीय महाविद्यालय ऊना का दौरा कर मतगणना की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों को ज़रूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना केन्द्रों और इसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद किया गया है। मतगणना केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

इधर, शिमला संसदीय क्षेत्र की मतगणना के लिए तैनात कर्मियों की दूसरी रैंडमाईज़ेशन आज शिमला स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। शिमला संसदीय क्षेत्र की मतगणना के लिए करीब 8 सौ कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

**पर्यवेक्षक**

चुनाव आयोग द्वारा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने आज हमीरपुर में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने ज़िले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निर्वाचन अधिकारियों से प्रत्येक मतदान केन्द्र की रिपोर्ट हासिल की। इस अवसर पर उन्होंने 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों से मतगणना के लिए जल्द से जल्द एजेंटों की नियुक्तियां करने और दस्तावेज़ों से जुड़ी सभी औपचारिकताएं समय पर पूरा करने का आग्रह किया।

**जीएसटी**

इस वर्ष मई में, वस्तु और सेवा कर जी.एस.टी. से कुल एक लाख 73 हजार करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, जी.एस.टी. राजस्व में वर्ष–दर–वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। मई महीने में केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर 32 हजार करोड़ रुपए से अधिक, राज्य वस्तु और सेवा कर 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक, एकीकृत वस्तु और सेवा कर 87 हजार 7 सौ 81 करोड़ रुपए से अधिक और उपकर 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक रहा। रिफंड के बाद पिछले महीने का शुद्ध जी.एस.टी. राजस्व एक लाख 44 हजार करोड़ रुपए है। वित्त वर्ष 2024–25 में अब तक का सकल जी.एस.टी. संग्रह 3 लाख 83 हजार करोड़ रुपए है। यह वर्ष–दर–वर्ष 11 दशमलव 3 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है जो घरेलू लेन–देन और आयात में वृद्धि के कारण संभव हुई है।

**मौसम**

प्रदेश के अनेक भागों में भीषण गर्मी का दौर जारी है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से ऊपर बना हुआ है। हमीरपुर ज़िले के नेरी में आज अधिकतम तापमान 43 दशमलव 9 डिग्री, ऊना में 43 दशमलव 6 डिग्री जबकि बिलासपुर में 40 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड किया गया। हालांकि राजधानी शिमला सहित कुछ क्षेत्रों में कल हुई हल्की वर्षा से लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिली है। जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति की ऊँची चोटियों पर हल्की बर्फबारी से ज़िले के तापमान में भी हल्की गिरावट आई है। मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिनों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों पर वर्षा की संभावना जताई है।